तापमान
अधिकतम 20.6 डिग्री
न्यूनतम 2.1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 30 दिसंबर 2025

12 आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएं



12 गाता रहे मेरा दिल....हुआ तीन बरस का, केक....



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में पति की मौत पत्नी गंभीर

**समालखा।** पानीपत के मनाना निवासी रामफल की दिल्ली पेरलल नहर रोड पर ऑटो रिक्शा की टक्कर लगने से मौत हो गई। जबकि उनकी पत्नी सुमन गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं, सुमन का अस्पताल में उपचार चल रहा है। दोनों बाइक पर सवार होकर सोनीपत जिला के गांव मोई माजरा से अपने गांव मनाना लौट रहे थे। जबकि हादससा गांव महमदपुर माजरा के पास हुआ। इधर, थाना गन्नौर पुलिस ने ऑटो रिक्शा चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### 33 दिनों में 10.25 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई

**करनाल।** करनाल सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक अदिति ने बताया कि पिराई सत्र 2025-26 के दौरान चीनी मिल ने 33 दिनों में 10.25 लाख क्विंटल गन्ने की पिराई कर ली है। वर्तमान में मिल की ऑन डेट रिकवरी 9.60 प्रतिशत तथा टू डेट रिकवरी 9.25 प्रतिशत है। उन्होंने बताया कि अब तक 85,540 क्विंटल रिफाइंड चीनी का उत्पादन किया जा चुका है। मिल में स्थापित 18 मेगावाट के कोजेनरेशन प्लांट से कुल 124 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हुआ है।



### सूने घर से नगदी समेत लाखों का सामान चुराया

**यमुनानगर।** कपड़े के व्यापारी के सूने घर से चोरों ने पंद्रह हजार रुपये की नगदी व सोने चांदी के गहनों समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। मुताबिक शहर की महावीर कालोनी निवासी राकेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह कपड़ा व्यापारी है। वह परिवार के साथ चंडीगढ़ रिश्तेदारी में गया था। सुबह के वक्त उन्हें पड़ोसियों ने सूचना दी कि उनके मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। उन्होंने घर पहुंचकर देखा तो ताले टूटे पड़े थे ।

### दिव्यांग से रिश्वत मांगने के मामले में जांच शुरू

**पानीपत।** चमराडा निवासी दिव्यांग सुरेंद्र ने बिजली निगम में एचकेआरएन के तहत सेवारत कर्मचारी नरेश पर उससे 35 हजार रूपय की रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। सुरेंद्र ने बताया कि उसके मकान के ऊपर से गुजर रही बिजली की तारों को हटाने या उनमें एंगल लगाने के लिए कर्मचारी नरेश ने रिश्वत की मांग की। सुरेंद्र ने एसडीएम इसराना नवदीप नैन से शिकायत करते उनके घर के उपर से गुजर रही बिजली की लाइन हटवाने की अपील की है। नैन ने इस मामले में एक्सईएन बिजली निगम से रिपोर्ट तलब की है। इधर, कर्मचारी नरेश ने आरोपों से इंकार करने हुआ कि बिजली निगम के लिखित आदेश पर वे, बिजली के तार पर कार्य करेगे, रिश्वत मांगे जाने का आरोप निराधार है।

# सर्वप्रथम एनईपी-2020 लागू करने पर कुवि को मिला प्लैटिनम अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

**ए++ ग्रेड प्राप्त कर कुवि ने रच दिया इतिहास**

हरियाणा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी-2020) के प्रभावी कार्यान्वयन को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को सम्मानित करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 कार्यान्वयन उत्कृष्टता पुरस्कार-2025 का आयोजन हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा सोमवार को स्वर्ण जयंती भवन, पंचकूला में आयोजित किया गया।

समारोह में सर्वप्रथम देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को सबसे पहले सभी प्रावधानों के साथ प्रभावी रूप से लागू करने पर कुवि (केयू) को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित पुरस्कार समारोह में राष्ट्रीय शिक्षा नीति क्रियान्वयन उत्कृष्टता सम्मान-2025 में प्लैटिनम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा एवं हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा द्वारा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को प्रदान किया गया। सभी सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों के बीच आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन में केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को ही प्लैटिनम श्रेणी में चुना गया। मूल्यांकन में पुरस्कार तीन श्रेणियों प्लैटिनम, गोल्ड एवं सिल्वर में दिए गए। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले संस्थान को प्लैटिनम, 75 से 90 प्रतिशत वालों को गोल्ड तथा 75 प्रतिशत से कम अंक प्राप्त करने वालों को सिल्वर अवॉर्ड प्रदान किया गया। परिणामस्वरूप 10 विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों को गोल्ड, 16 को सिल्वर, जबकि प्लैटिनम अवॉर्ड केवल कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों के साथ सर्वप्रथम पूरे देश में समयबद्ध और प्रभावी ढंग से लागू कर देशभर के विश्वविद्यालयों के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। बहुविषयक शिक्षा, लचीले पाठ्यक्रम, कौशल विकास और छात्र-केंद्रित शिक्षण के क्षेत्र में केयू की पहल सराहनीय है।



कुरुक्षेत्र। अवार्ड प्राप्त करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

### दी बधाई

राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चंद्र शर्मा ने कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को बधाई दी।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवि ने बनाई पहचान

प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा के साथ-साथ खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है। विश्वविद्यालय के खिलाड़ी एवं सांस्कृतिक दल निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर केयू का गौरव बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. राज नेहरू ने भी कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को इसके सभी प्रावधानों सहित देश में सर्वप्रथम लागू कर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के दूरदर्शी नेतृत्व, सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है।

### पानीपत की बेटी प्रिया को मिली चार करोड की छात्रवृत्ति



**पानीपत।** पानीपत के गांव कारद की छात्रा प्रिया पुत्री राममेहर ढोंचक को अमेरिका की प्रतिष्ठित रटगर्स यूनिवर्सिटी न्यूयॉर्क से चार करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति मिली है। यह छात्रवृत्ति उन्हें फिजिक्स साइंस में शोध करने के लिए प्रदान की गई है। वहीं, प्रिया की इस उपलब्धि से गांव कारद में खुशी का माहौल है। इधर, पिता राममेहर ढोचक ने बताया कि प्रिया शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। प्रिया ने गांव कारद के ही हर्ष आदर्श स्कूल से दसवीं की परीक्षा पास की थी। जबकि पानीपत से नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में 12वीं की परीक्षा पास की। उन्होंने कुवि से मास्टर डिग्री पूरी की। मास्टर डिग्री में उत्कृष्ट अंकों के बाद, प्रिया को अमेरिका की पांच विभिन्न यूनिवर्सिटीज से ऑफर मिले थे। उन्होंने इनमें से रटगर्स यूनिवर्सिटी को चुना। प्रिया रटगर्स यूनिवर्सिटी में पीएचडी की तैयारी भी करती रही। प्रिया ने बताया कि उसका सपना है कि वह वैज्ञानिक बन कर मानवता की सेवा करे।

## वार्षिक समारोह में बच्चों को मुस्लिम बनाने के मामले ने तूल पकड़ा

# सनातन टास्क फोर्स के सदस्यों ने किया विरोध, पुलिस बल तैनात

- भारतीय पब्लिक स्कूल में तीन दिन पहले ही वार्षिकोत्सव हुआ था।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारतीय पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों को एक एक्ट के दौरान मुस्लिम बनाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को इसके विरोध में हिंदू संगठनों के लोग एकजुट हो गए। सनातन टास्क फोर्स के सदस्यों ने एकजुट होकर जमकर नारेबाजी की।

इस विरोध को देखते हुए स्कूल के बाहर भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि हिंदू संगठनों व स्कूल प्रिंसिपल के बीच काफी देर वार्ता चली। सनातन टास्क फोर्स राष्ट्रीय अध्यक्ष देवी राम शर्मा ने कहा कि वार्षिकोत्सव में हिंदू बच्चों को मुसलमान बनाकर एक एक्ट पेश करना सरासर गलत है। बैठक के बाद स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि हमारा समझौता हो गया है। इस प्रकार के कार्यक्रम को लेकर किसी धर्म विशेष को आहत पहुंचाने का उद्देश्य नहीं था।

बता दें कि भारतीय पब्लिक स्कूल में तीन दिन पहले ही वार्षिकोत्सव हुआ था। इस समारोह के दौरान दो मिनट के एक्ट में सलमान खान के मुस्लिम गाने पर बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी थी। हिंदू बच्चों की मुस्लिम वेशभूषा में होने की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो विरोध उठाने लगा। जैसे ही यह मामला हिंदू संगठनों तक पहुंचा तो विवाद बढ़ गया। हिंदू संगठनों ने ऐसा करने वाले प्रिंसिपल व शिक्षक को सनातन धर्म से निलंबित करवाने की मांग उठाई थी।



अंबाला। स्कूल के बाहर प्रदर्शन करते हिंदू संगठन के कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

# राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छात्रा कशिश रही तृतीय



कुरुक्षेत्र। स्कूल में कशिश को सम्मानित करते अध्यापकगण। फोटो : हरिभूमि

- राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में 12 छात्रों को विजेता घोषित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वीर बाल दिवस के उपलक्ष में आयोजित राज्यस्तरीय निबंध प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेडा, कुरुक्षेत्र की छात्रा कुमारी कशिश ने जिले में प्रथम स्थान व राज्य स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या मनप्रीत कौर ने बताया कि छोटे साहिबजादों की शहादत की याद में वार बाल दिवस हेतु आयोजित राज्यस्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता में 12 छात्रों को विजेता घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा में हरियाणा के म्ख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भिवानी खेड़ा, कुरुक्षेत्र की छात्रा कुमारी कशिश ने राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कुमारी कशिश को 5100 रुपये का चेक प्रदान किया। इस अवसर पर प्राचार्या मनप्रीत कौर, छात्रा कुमारी कशिश व पंजाबी की प्राध्यापिका श्रीमति जसबार कौर उपस्थित थी। प्राचार्या मनप्रीत कौर ने बताया कि जिले में प्रथम एवं राज्य में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यालय में आकर कुमारी कशिश को सम्मानित किया गया।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज की महिला हाकी टीम ने प्रतियोगिता

- कॉलेज में पहुंचने पर प्रिंसिपल और स्टाफ सदस्यों ने किया टीम का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गुरु नानक खालसा कॉलेज यमुनानगर की महिला हॉकी टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र में आयोजित इंटर कॉलेज चैंपियनशिप प्रतियोगिता जीतकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। सोमवार को विजेता टीम के कालेज में पहुंचने पर प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला व स्टाफ सदस्यों ने जोरदार स्वागत किया है।

कॉलेज प्राचार्य डॉ. अरविंदर सिंह भल्ला ने बताया कि उनके कॉलेज की महिला हाकी टीम ने पूरी चैंपियनशिप प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया है। इस दौरान उनके कालेज की टीम ने पहले मैच में आर्य कालेज पानीपत की टीम को 4.1 से, दूसरे मैच में गवर्नमेंट कॉलेज पंचकूला को 6.1 से और रोमांचक फाइनल मैच में जीएनजी कॉलेज यमुनानगर को 4.1 से हराकर प्रतियोगिता को जीतकर ट्राफी व गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया है। उन्होंने विजेता टीम को बधाई दी। प्रिंसीपल डॉ. अरविंदर भल्ला ने कहा कि हमारे कालेज की महिला हाकी टीम की यह शानदार जीत पूरे कॉलेज के लिए बहुत गर्व की बात है। उनकी कड़ी मेहनत, खेल भावना और लगन सच में गुरु नानक खालसा कॉलेज के मूल्यों को दिखाती है।



### महिला ने लगाया फंदा

**अंबाला।** अंबाला कैंट के अमर नगर की ज्योति बाला (42) ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मायके वालों ने ससुरालियों पर उनकी बेटी को प्रताड़ित करने व हत्या के आरोप लगाए जबकि पुलिस की प्राथमिक जांच में मौत का कारण चुनरी से फंदा लगाकर आत्महत्या करना सामने आया है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव मायके वालों को सौंप दिया। मृतक के भाई अरुण के बयानों पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। महेश नगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जतिंद्र का कहना है कि मृतक के भाई द्वारा लगाए गए आरोपों की गहनता से जांच की जा रही है। जल्द ही केसर्ज्ज किया जाएगा। पिहोवा के अरुण कुमार का आरोप है कि उनकी बहन ज्योति बाला की शादी 17 साल पहले अमर नगर के रवि कुमार में हुई थी। शादी के बाद दो बेटियां है। शादी के बाद पति व ससुराल पक्ष की तरफ से प्रताड़ित किया जा रहा था। कई बार पंचायती तौर पर फैसले हुए है। कुछ समय पहले ही महेश नगर थाने में ही बहन की तरफ से ससुरालियों के खिलाफ शिकायत दी गई थी। रविवार को सुबह उनके पास फोन आया कि ज्योति की मौत हो गई है। आरोप लगाया कि ससुराल वाले पुलिस के आने से पहले ही शव को अंबाला कैंट के नागरिक अस्पताल ले गए थे। बाद में बताया गया कि बहन ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली है। लंबे समय से बहन को प्रताड़ित किया जा रहा था।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

**दुःखद**

**देर शाम औरंगाबाद सत्संग भवन के पास हुआ हादसा**

गांव औरंगाबाद के नजदीक स्थित सत्संग भवन के पास देर शाम कार की टक्कर लगने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक दुकान से काम खत्म करके घर लौट रहा था। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गांव सभापुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उसके ताऊ का लड़का 40 वर्षीय विजय कुमार शहर की जसवंत कॉलोनी स्थित डीलक्स ऑटो इंडस्ट्रीज की दुकान पर काम करता था। वह रविवार शाम को दुकान से काम खत्म करके अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह यमुनानगर कुरुक्षेत्र रोड पर गांव औरंगाबाद के सत्संग भवन के नजदीक पहुंचा तो तेज गति से आ रही कार ने विजय की बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से विजय सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोपी कार चालक कुछ देर रूकने के बाद वहां से फरार हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना डायल 112 पुलिस टीम को दी। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घायल विजय कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## नगर निगम कार्यालय यमुनानगर में पहुंचने किया भव्य स्वागत

# नीरज गोयत को नगर निगम ने बनाया ब्रांड एंबेसडर

- अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और खेलों के प्रति जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दुबई में शानदार जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे शहर के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर नीरज गोयत का सोमवार को नगर निगम कार्यालय में पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मेयर सुमन बहमनी, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व उप निगम आयुक्त कुलदीप मलिक सहित नगर निगम के अधिकारियों ने बॉक्सर नीरज गोयत को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। मौके पर नीरज गोयत को नगर निगम यमुनानगर जगाधरी का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया गया।

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि नीरज गोयत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन कर न केवल यमुनानगर बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मेयर ने कहा कि ब्रांड एंबेसडर के रूप में नीरज गोयत शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और खेलों के प्रति जागरूक बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि नीरज अपनी लोकप्रियता का उपयोग कर युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने कहा कि नीरज गोयत की उपलब्धि यह दर्शाती है कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आगे भी ऐसे प्रयास करता रहेगा। उन्होंने कहा कि नीरज गोयत युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में ब्रांड एंबेसडर नीरज गोयत का अहम योगदान रहेगा।



यमुनानगर। नगर निगम कार्यालय में बॉक्सर नीरज गोयत को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत करते हुए मेयर व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# 8.80 लाख रुपये हड़पने के आरोपी युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

विदेश भेजने के नाम पर 8.80 लाख रुपये हड़पने वाले पंजाब के जिला जालंधर के निजातम नगर निवासी रोहित सन्याल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले में 30 अक्टूबर को केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार चौकी इंचार्ज ने जानकारी देते हुए बताया कि अलीशेरपुर माजरा निवासी राजेंद्र कुमार ने शिकायत दर्ज करवाई कि 24 जुलाई 2024 में विदेश जाने के लिए चंडीगढ़ के सेक्टर-8 सी में एससीओ 126-127 में बने दफ्तर में संपर्क किया था। यहां रोहित, गुनगुन, सुरेंद्र, स्नेहा, इशप्रीत मिले। इन लोगों ने बताया कि वह काफी युवाओं को विदेश भेज चुके हैं और वह उसे भी विदेश भेज देंगे। इसकी एवज में आरोपी उसे 10 सितंबर 2025 तक विदेश भेजने का भरोसा देते रहे। इस दौरान आरोपियों ने उससे अलग-अलग करके 8.80 लाख रुपये व दस्तावेज भी लिए। इसके बाद भी आरोपियों ने उसे विदेश नहीं भेजा। जब उसने आरोपियों से पैसे वापस मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपियों को पकड़ने के लिए उप निरीक्षक सतीश कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने कार्रवाई करते हुए पंजाब के जालंधर के निजामत नगर निवासी रोहित सन्याल को गिरफ्तार किया।



- आरोपित रोहित ने विदेश भेजने के नाम पर की ठगी

**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म करने के आरोपी को किया गिरफ्तार



**यमुनानगर।** चार वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी बीस वर्षीय युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले की जांच कर रहे थाना शहर जगाधरी के प्रभारी वीरेंद्र वालिया ने बताया कि थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने शिकायत दर्ज करवाई कि वह गत 25 दिसंबर को बाजार में सामान लेने के लिए गई थी। इस दौरान घर पर चार वर्षीय बच्ची अकेली थी। बाजार से जब वापस लौटी तो बेटी के गुप्त अंग पर निशान मिले। जिसके बाद पता लगा कि आरोपी पंकज घर पर आया था। उसने बच्ची के साथ गलत काम किया। इस शिकायत पर पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया। आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए पंकज कुमार गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को अदालत में पेश कर दिया गया है और कार्रवाई शुरू कर दी है।

## महिला अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ हुई लापता

**यमुनानगर।** गांव हरिपुर जट्टान से एक महिला संदिग्ध परिस्थितियों में अपनी चार वर्षीय बेटी के साथ लापता हो गई। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। गांव हरिपुर जट्टान निवासी कुलदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 27 दिसंबर को सुबह के समय किसी काम से घर से बाहर गई थी। दोपहर को जब वह वापस आया तो घर पर उसे अपनी पत्नी एकता व बेटी अविका गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उन दोनों का कुछ भी पता नहीं चला। उसने अज्ञात पर उसकी पत्नी व बेटी को अगवा करने का आरोप लगाया है। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

*जिले का तापमान गिरकर न्यूनतम पहुंचा छह डिग्री सेल्सियस*

### वर्ष 2025 के अंतिम सोमवार को भी हाड़तोड़ ठंड में कांपते रहे लोग

# घना कोहरा व चल रही शीतलहर से बेहाल हुए लोग

**बढ़ती ठंड में मूंगफली का बाजार हुआ गर्म**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी और मैदानी इलाकों में चल रही शीतलहर के साथ घना कोहरा छाए रहने से मौसम में हाड़तोड़ ठंड बढ़ने से लोग बेहाल हो गए हैं। वर्ष 2025 के अंतिम सोमवार को भी पिछले कई दिन की तरह जिलें में घना कोहरा छाए रहने और शीतलहर चलने के साथ आसमान में धुंध के बादल छाए रहने से मौसम में दिन भर कड़ाके की ठंड बनी रही। जिसकी वजह से जिले का तापमान गिरकर अधिकतम 19 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम छह डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। जिससे दोपहर तक लोग घरों में दुबकने पर मजबूर हो गए। घना कोहरा छाए रहने से बसें व ट्रेनें भी देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची।

सोमवार को जिले में अर्ध रात्रि से ही घनघोर कोहरा छाए रहने व शीतलहर चलने से दोपहर तक सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। वहीं, आसमान में धुंध के बादल छाए रहने व शीत लहर चलने से मौसम में कड़ाके की ठंड बनी रही। हालांकि दोपहर बाद सूर्य देव के दर्शन हुए और लोगों ने घरों से बाहर निकालकर अपने कामधंधों को निपटाया। वहीं, मौसम में बनी ठंड के कारण दोपहर तक बाजारों में रौनक भी गायब रही।





**यमुनानगर।** सोमवार को घना कोहरा में सड़कों पर रेंगते हुए धीमी गति से चल रहे वाहन व रेलवे स्टेशन पर ट्रेन की इंतजार करते यात्री। फोटो : हरिभूमि

**मूंगफली की बिक्री बढ़ी**

*मौसम में शीत लहर चलने के कारण जहां बाजार मंदी से गुजर रहे हैं, वहीं, मूंगफली, शक्करकंद, खजूर, सूखामेवा, गाजर का हलवा जैसे गर्म तासीर वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री जोरों पर है। इसके अतिरिक्त चाय-पकौड़ा, सूप, चाऊमिन, स्प्रिंग रोल व गाजर का जूस भी खूब बिक रहा है। शाम ढलते ही रेहड़ियों पर जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। दिन के समय गाजर का जूस व चाय पकौड़ा लोगों को खूब भा रहा है।*

**गतंव्य पर देरी से पहुंची ट्रेनें व बसें**

सोमवार को घना कोहरा छाए रहने के कारण यमुनानगर रेलवे स्टेशन पर जहां ट्रेनें देरी से पहुंची। वहीं, लांग रूट की बसें भी अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। जिससे यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।



**यमुनानगर।** राजकीय स्कूल खुर्दबन में आयोजित एनएसएस शिविर में भाग लेते मुख्यातिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## एनएसएस शिविरों के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व करने की बढ़ती है भावना

**राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दबन में एनएसएस शिविर का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खुर्दबन में सोमवार को एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यमुनानगर के वार्ड नंबर 12 की पार्षद संगीता कांबोज ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में समाजसेवी पंकज व पूर्व सरपंच युवराज सिंह मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता स्कूल प्रभारी कविता ने की। मुख्यातिथि एवं पार्षद संगीता कांबोज ने कहा कि एनएसएस शिविरों में भाग लेने से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग व नेतृत्व जागृत करने की भावना बढ़ती है। वहीं, विद्यार्थियों में समाजसेवा करने के प्रति प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों को इस प्रकार के शिविरों में भाग लेकर समाज क्षेत्र के प्रति ज्ञान अर्जित करना चाहिए। मौके पर एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी मोहन लाल ने बताया कि स्कूल में पिछले तीन वर्षो से हर वर्ष एनएसएस के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में मुख्य रूप से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में, समाजसेवा के कार्य, सांस्कृतिक गतिविधियां व समाज सेवा के प्रति युवाओं में जागृति की भावना पैदा की जाती है। मौके पर विजय तनेजा, विजय गोयल, जरनैल सिंह, सोमनाथ रंगा, राजेंद्र शर्मा, श्वेता, नरेश व साहिल आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों की गुणवत्ता से नहीं किया जाएगा कोई समझौताः घनश्याम

**विधायक व मेयर ने मॉडल टाउन सेक्टर 18 व गधौली कालोनी में 129 .77 लाख रुपये के विकास कार्यों का किया शिलान्यास**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम प्रशासन द्वारा ट्विन सिटी के मॉडल टाउन, जगाधरी के सेक्टर 18 व गधौली कालोनी में 129.77 लाख रुपये के विकास कार्य करवाए जाएंगे। इन विकास कार्यों का सोमवार को सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा , मेयर सुमन बहमनी व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने संयुक्त रुप से शिलान्यास किया। मौके पर नारियल फोड़कर उक्त विकास कार्यों के निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में समान रूप से विकास कार्य करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी जनहित को प्राथमिकता देते हुए और अधिक विकास योजनाएं लागू की जाएंगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम यमुनानगर जगाधरी के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और सभी योजनाएं तय समय सीमा में पूरी कराई जाएंगी। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि शहर को स्वच्छए सुंदर और सुविधायुक्त बनाने के लिए नगर निगम लगातार प्रयासरत रहेगा। शहर में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में नगर निगम द्वारा लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में सोमवार को विभिन्न वार्डों में कुल 129.77 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। उन्होंने बताया कि इन विकास परियोजनाओं से संबंधित क्षेत्रों में सड़क, गली, नाली व धर्मशाला जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा। जिससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। मौके पर पूर्व मेयर मदन चौहान, मंडल अध्यक्ष अमन सग्गड़, मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, पवन प्रताप यादव, संदीप बजाज व अजय आदि मौजूद रहें।



**यमुनानगर।** विभिन्न वार्डों में किए जाने विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए विध्याक घनश्याम दास अरोड़ा, मेयर सुमन बहमनी व पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल।

## परिवार पहचान पत्रों की त्रूटियां दूर करवाने को दर-दर भटक रहे लोग

- हरियाणा सरकार के नागरिकों की घर बैठे समस्याओं का समाधान किए जाने के दावे भी हो रहे फेल
- परिवार पहचान पत्रों की महीनों से त्रूटियां दूर नहीं होने से नागरिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए हो रहे हैं वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार द्वारा लोगों की आनलाइन घर बैठे समस्याओं को दूर किए जाने के दावे पूरी तरह फेल होते नजर आ रहे हैं। इसका उदाहरण लोगों के परिवार पहचान पत्रों की त्रूटियां ठीक नहीं किया जाना है। नागरिकों के मुताबिक उन्होंने महीना भर पहले परिवार पहचान पत्र की त्रूटियां ठीक करवाने के लिए संबंधित पोर्टल पर आनलाइन करवाया गया था। मगर अभी तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

नागरिक पाल सिंह व बीएस चौहान ने बताया कि उनके पहचान पत्र में आयु कम दर्ज की गई है। जिसे संशोधित करवाने के लिए उन्होंने महीना भर पहले सीएससी सेंटर पर आनलाइन आवेदन किया था। वहीं, शिवदयाल ने बताया कि वह मेहनत करके अपने परिवार का लालन पालन कर रहा है। मगर उनके परिवार पहचान पत्र में उनकी आय अपेक्षा से अधिक दिखाई गई है। उन्होंने इसके लिए महीना भर पहले सीएससी सेंटर में आनलाइन आवेदन करके उनकी आय संबंधित खामी को दूर करने के लिए अनुरोध किया था। मगर उनकी समस्या का अभी तक समाधान नहीं हो सका है। जब भी सीएससी सेंटर पर जाकर पता करते हैं तो उनकी समस्या को पेंडिंग बताया जा रहा है। इसी तरह कई अन्य नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र की त्रूटियां ठीक करवाने के लिए समाधान समस्या शिविर में शिकायत दी है, लेकिन उनकी समस्या का भी महीना भर से समाधान नहीं किया जा सका है। नागरिकों ने जिला प्रशासन से उनकी समस्या का जल्द समाधान किए जाने की मांग की है।

## गाड़ी में लोड करवाते समय कम मिले प्लाई के 15 पीस

**यमुनानगर।** गांव बाडी माजरा स्थित जगराम जी प्लाईवुड फैक्ट्री में गाड़ी लोड करवाते समय प्लाई के 15 पीस कम मिले। पुलिस ने खेड़ा फार्म निवासी गुरदीप सिंह की शिकायत पर आरोपी पंकज के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। खेड़ा फार्म निवासी गुरदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि पंकज प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करता है। सात दिसंबर को शाम साढ़े चार बजे फैक्ट्री से प्लाई लोड करवाई जा रही थी। इस दौरान पंकज प्लाई लोड करवा रहा था। जब उसने प्लाई के पीस की काउंटिंग की तो उसमें से प्लाई के 15 से अधिक पीस कम मिले। जिनकी कीमत करीब 27 हजार रुपये है। उसने आरोपी से इस बारे बात की तो उसने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी पंकज के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

# जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए सभी को करना चाहिए सहयोग

- रोटरी क्लब रादौर ने नववर्ष-2026 के आगमन को लेकर गाला नाइट का किया आयोजन
- रोटरी क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

अंतरराष्ट्रीय समाजसेवी रोटरी क्लब शाखा रादौर द्वारा कस्बा के पैलेस में नववर्ष-2026 के आगमन को लेकर गाला नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्लब के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश गर्ग ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। जबकि अध्यक्षता क्लब के नए प्रधान हरजीत सिंह व सचिव भारत माटिया ने की।

क्लब के प्रधान सरदार हरजीत सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों समेत 150 से अधिक स्थानीय गणमान्य लोगों ने भाग लिया। मौके पर क्लब के सचिव भारत माटिया ने वर्ष 2025 में संस्था द्वारा किए गए कार्यों व गतिविधियों की विस्तार से रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने वर्ष 2026 में किए जाने वाले कार्यक्रमों की भी जानकारी दी। सचिव भारत माटिया ने बताया कि क्लब द्वारा 23 जनवरी 2026 को कस्बा के इंडियन पब्लिक स्कूल में पांच जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं की शादियों के लिए तीसरा सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें सभी सदस्य अपना बढ़ चढ़कर तन मन धन से सहयोग कर रहे हैं।

मुख्यातिथि एवं डिस्ट्रिक गवर्नर रवि प्रकाश गर्ग ने कहा कि रोटरी क्लब दुनियाभर में मानवता की भलाई के कार्य कर रही है। सभी को समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। तभी हम समाज को बेहतर बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि रोटरी दुनिया के 215 से अधिक देशों में मानवता की भलाई के लिए कार्य कर रही है। लाखों लोग दुनियाभर में रोटरी क्लब के साथ जुड़कर समाजसेवा से जुडे कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर विकास गर्ग, डॉ. एससी सैनी, डॉ. अशोक मिगलानी, पूनम चोपड़ा, पूजा माटिया, नीलम बंचल, लीला रोहिल्ला, साक्षी परुथी, रजविंदर सैनी, मंजू मंढाण व नीलम मेहता आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** रादौर में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित गाला नाइट कार्यक्रम में संबोधित करते हुए मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

## एक को मनाया जाएगा वीर गोकुला जाट का बलिदान दिवस

**रादौर।** जाट सभा रादौर के तत्वावधान में कस्बा के जाट नगर में एक जनवरी को वीर गोकुला जाट का श्रद्धापूर्वक 355 वां बलिदान दिवस मनाया जाएगा। उक्त जानकारी जाट सभा रादौर के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने दी। सभा के प्रधान एडवोकेट सुरेशपाल बंचल ने बताया कि वीर गोकुला एक महान योद्धा थे। जिन्होंने दुश्मनों के दांत खट्टे किए थे। वह देश के महान वीरों में से एक थे। जिन्होंने अंतिम दम तक मुगलों के विरूद्ध लड़ाई लड़ी और वीरगति को प्राप्त हुए। हमें ऐसे महान योद्धा पर हमेशा गर्व रहेगा। हमें उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य करना चाहिए और अपने देश के लिए सब कुछ कुर्बान करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# प्रदूषण बन गया है विश्वव्यापी पर्यावरणीय समस्याः उपायुक्त

**उपायुक्त ने पर्यावरणीय समस्या के लिए वनों के कटान को भी बताया जिम्मेदार**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हर प्रकार का प्रदूषण भी विश्वव्यापी पर्यावरणीय समस्या बन गया है। इसके लिए वनों के हो रहे कटान भी जिम्मेदार हैं। उद्योगों और मोटर वाहनों का बढ़ता उत्सर्जन और वृक्षों की निर्मम कटाई प्रदूषण के कारण बन रहे हैं। उपायुक्त प्रीति ने बढ़ती पर्यावरणीय समस्या पर चिंता जताई है। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि विश्व भर में प्रति वर्ष करोड़ों हेक्टेयर वन काटे जाते हैं। वनों के विनाश के कारण वन्य जीव विलुप्त हो रहे हैं।

वनों के क्षेत्रफल में लगातार होती कमी के कारण भूमि का कटाव और रेगिस्तान का फैलाव बड़े पैमाने पर होने लगा है। इसी प्रकार पेड़ पौधे कार्बन डाइऑक्साइड गैस को अवशोषित कर पर्यावरण को संतुलित बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। यदि हमें पर्यावरण को दूषित होने से बचाना है तो अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे। पेड़ पौधों से न केवल हमें ऑक्सीजन मिलती है। बल्कि पेड़ पौधे पर्यावरण को दूषित होने से भी बचाते हैं। इसी प्रकार कृषि भूमि से अधिक उत्पादन लेने के लिए और फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को मारने के लिए कीटनाशकों का अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है।

भूमि में अधिक कीटनाशकों के इस्तेमाल के कारण अब जमीन के जीवन चक्र और मनुष्य के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यदि हम इसी प्रकार प्रकृति के संसाधनों का दोहन करते रहे तो हमें आने वाले समय में इसके भंयकर परिणाम भी भुगतने पड़ेगें। उपायुक्त प्रीति ने बताया कि हर वर्ष पर्यावरण दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के दूसरे तरीकों सहित सभी देशों के लोगों को एक साथ मिलकर जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करने और जंगलों के प्रबंध को सुधारना है। उन्होंने बताया कि तेजी से बढ़ते शहरीकरण व लगातार काटे जा रहे पेड़ पौधों के कारण बिगड़ते पर्यावरण संतुलन पर रोक लगानी होगी। विश्व पर्यावरण दिवस पर हमें आमजन को भागीदार बनाकर उन्हें इस बात का अहसास करवाना होगा कि बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन का खामियाजा हमें व हमारी आने वाली पीढयों को उठाना पडेगा। इसलिए हमें अभी से सतर्क व सजग होने की जरूरत है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में तेजी से काम करना होगा तभी हम बिगड़ते पर्यावरण असंतुलन को संतुलित कर पाएंगे।



### उपायुक्त प्रीति ने अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

# शिक्षित नागरिक ही करता है एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण

***जिला सचिवालय में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक***

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला सचिवालय के सभागार में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत शिक्षा विभाग के अधिकारियों व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त प्रीति ने की। मौके पर बैठक में जिले में प्राथमिक स्तर पर बच्चों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को सुदृढ़ करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त प्रीति ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को सभी स्कूलों का 10वीं व 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले दो महीनों में सभी अध्यापकों को ईमानदारी से कार्य करने और विद्यार्थियों को ध्यान देकर पढ़ाए जाने के लिए आहवान किया। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि स्कूल सत्र के बीच में स्कूल छोड़ने वाले बच्चों की जानकारी ली जाए। साथ ही आऊट ऑफ स्कूल बच्चों का सर्वे सभी अध्यापकों के द्वारा किया जाए। उन्होंने कहा कि अध्यापकों का राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में इसकी दोबारा रिव्यू बैठक होगी और समीक्षा की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षित नागरिक ही एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कक्षा पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों में पढ़ने, लिखने और गणितीय समझ विकसित करने के लिए तय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए।

उन्होंने कहा कि निपुण हरियाणा मिशन प्रदेश सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। बैठक में स्कूलों में शिक्षण गुणवत्ता, अध्यापकों की नियमित मॉनिटरिंग, विद्यार्थियों के लर्निंग आउटकम का मूल्यांकन तथा अभिभावकों की सहभागिता जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि फील्ड स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित निरीक्षण के माध्यम से प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

उपायुक्त प्रीति ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि बच्चों की नैतिक शिक्षा पर भी ध्यान दें। जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता ने शिक्षा सुधार के लिए भावी योजना की जानकारी दी। उन्होंने सभी खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह नियमित रूप से स्कूलों की जांच करें और स्कूल की जो कमियां हैं उनकों दुरुस्त करें। जिला के एफएलएन संयोजक एवं समन्वयकर्ता संजीव कुमार ने उपायुक्त के समक्ष सारे आंकड़े प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर अंडर ट्रेनिंग आईएएस सुमन यादव, जिला की जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमलता शर्मा, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा, डाईट प्रिंसिपल सुनीता त्यागी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित शिक्षा अधिकारियों व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त प्रीति। फोटो : हरिभूमि

# धर्मनगरी को 206 करोड़ की लगात से बने महाभारत अनुभव केंद्र की मिली सौगात

## अलविदा 2025 : 3डी मॉडलिंग, इंटरेक्टिव प्रदर्शनियों और ऑडियो-विजुअल तकनीक का किया उपयोग



कुरुक्षेत्र। अर्जुन का रथ मॉडल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वर्ष 2025 में धर्मनगरी को महाभारत अनुभव केंद्र की सौगात मिली है। प्रदेश सरकार के करीब 206 करोड़ के इस ड्रीम प्रोजेक्ट महाभारत अनुभव केंद्र के निर्माण में करीब सात साल लगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 नवंबर को अनुभव केंद्र का अवलोकन किया। इसके बाद इसे आमजन के लिए खोला गया। ज्योतिसर में स्थित महाभारत अनुभव केंद्र एक आधुनिक संग्रहालय और थीम पार्क है, जिसे महाभारत और भगवद् गीता के ज्ञान को जीवंत, डिजिटल और इंटरैक्टिव तकनीकों के माध्यम से पर्यटकों को दिखाने के लिए बनाया गया है, ताकि वे ऐतिहासिक क्षणों का गहरा अनुभव कर सकें, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। करीब 5160 साल पहले जिस ज्योतिसर धरा पर भगवान श्री कृष्ण ने पूरी मानवता के लिए गीता का अमर संदेश दिया, वहीं पर अब 18 दिन तक लड़े गए उसी महाभारत युद्ध के अत्याधुनिक तकनीक से संजीव दर्शन किए जा सकते है। लाक्षागृह हो या द्रोपदी चीर हरण या फिर द्यूत क्रीडा, देश-दुनिया से आने वाले पर्यटक यहां विभिन्न तकनीकों के माध्यम से समझ पाएंगे। महाभारत के दृश्यों को जीवंत करने के लिए इस अनुभव केंद्र में 3डी मॉडलिंग, इंटरेक्टिव प्रदर्शनियों और ऑडियो-विजुअल तकनीक का उपयोग किया गया है।

### 8 अलग-अलग पार्ट बनाए

पहले कक्ष में प्रदर्शनी का प्रवेश द्वार बनाया गया है। यहां लाइटिंग से चक्र, धनुष-बाण और कमल उभर आएंगे। दूर से आने वाली शंखनाद की ध्वनि सुनाई देगी। दूसरे कक्ष में व्यास जी महाभारत गणेश जी को सुनाते दिखेंगे। बैकग्राउंड में वीणा की मधुर ध्वनि और व्यास की वॉयस ओवर होगा। तीसरे कक्ष में युद्ध के 18 दिनों को एक इंटर एक्टिव टाइम लाइन में दिखाया गया है। रथों की गर्जना, तीरों की बौछार और घोड़ों की टापों की ध्वनि गूंजेगी। कुरुक्षेत्र के मैप पर कौरव और पांडवों की सेनाएं चलती दिखेगी। जयद्रथ वध, भीष्म पतन और अभिमन्यु का चक्रव्यूह तोड़ना रोमांचित कर देगा। अगले कक्ष में कौरव और पांडवों की वंशावली मिलेगी। द्रोपदी का स्वयंवर, अर्जुन का मछली की आंख को निशाना बनाना और कर्ण की सूर्यपुत्र पहचान, द्यूत क्रीडा और द्रौपदी का चीरहरण प्रसंग भी दिखाई गए है। भीष्म और भीम की प्रतिज्ञा के स्वर सुनाई देंगे। केंद्र में भगवद्गीता के मूल श्लोक को सेटअप किया गया है। कौरव और पांडवों की सेनाओं के बीच में अर्जुन का रथ मॉडल बनाया गया है। इस कक्ष में भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं को दिखाया गया है।

### प्रदर्शनी का समापन पांडवों के स्वर्ग यात्रा से होगा

द्वारका नगरी का भव्य मॉडल, द्वारका का डूबना, समुद्र की लहरों की ध्वनि और कृष्ण के महिमागान के साथ दिखेगा। प्रदर्शनी का समापन पांडवों के स्वर्ग यात्रा से होगा। प्रत्येक सीढ़ी पर प्रोजेक्शन से युधिष्ठिर का स्वगार्रोहण दिखेगा। पांडव अपनी द्रोपदी और कुत्ते के साथ स्वर्ग जाते दिखेंगे। इससे पहले का कक्ष भगवान के दशावतार की कहानी कहेगा। मत्स्य अवतार से कल्कि अवतार को दिखाया गया है।

## खबर संक्षेप



### शिक्षकों को पोस्को एक्ट के बारे दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** लिटिल मिलेनियम स्कूल में शिक्षकों के लिए पोस्को एक्ट पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में भामा प्रमोद, कंवर, रेनू फुलिया, अमृता सहित अंबाला व जीरकपुर के बिजनेस पार्टनर्स और सीएलओ का बुके देकर स्वागत व सम्मान किया गया। इस प्रशिक्षण में भामा प्रमोद, कंवर, रेनू फुलिया व अमृता ने शिक्षकों को बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कानूनों की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान पोस्को एक्ट की मुख्य धाराएँ, बाल यौन शोषण की पहचान, बच्चों के साथ संवेदनशील व्यवहार, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया तथा शिक्षक की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### राजकीय गर्ल्स स्कूल में रात्रि खुला दरबार आज

**पिहोवा।** उपमंडल अधिकारी नागरिक अनिल कुमार दून ने बताया कि जिला प्रशासन की तरफ से पिहोवा के गांव थाना के राजकीय गर्ल्स मिडिल स्कूल के प्रागंण में मंगलवार को रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उनका मौके पर ही समाधान करेंगे।

### कीर्ति नगर में रक्तदान व मेडिकल जांच शिविर 2 को

**कुरुक्षेत्र।** मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चेरीटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी के अध्यक्ष पंकज अरोड़ा ने कहा कि मेहर बुक डिपो एवं लिटिल कैंपस इंटरनेशनल स्कूल के तत्वावधान में 2 जनवरी 2026 को मेहरचन्द मेहंदीरत्ता चेरीटेबल डिस्पेंसरी एवं लाइब्रेरी कीर्ति नगर नजदीक रेलवे क्रासिंग कुरुक्षेत्र में अपनी पूज्यनीय स्व. माता संतोष रानी की 78वीं जन्म वर्षगांठ को मातृछाया दिवस के रूप में बनाया जाएगा। इस पुण्य स्मृति के अवसर पर 22वां रक्तदान शिविर एवं 17वें विशाल मेडिकल जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

# पेंशन, क्रिड और बिजली विभाग की समस्याओं के जल्द समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। नागरिकों की समस्याओं का समाधान करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा समाधान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले प्रत्येक नागरिक की समस्या का समाधान किया जा रहा है। इस शिविर में हर समस्या का गंभीरता के साथ सुना जा रहा है और मौके पर ही सम्बन्धित विभाग के माध्यम से समस्या का समाधान भी किया जा रहा है। इस शिविर की एक-एक समस्या को गंभीरता से लिया जा रहा है ताकि प्रत्येक व्यक्ति को समय रहते शिविर का फायदा मिल सके। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों को सुन रहे थे। इससे पहले उपायुक्त विश्राम कुमार ने सिंचाई विभाग की पानी निकासी, पुलिस विभाग, समाज कल्याण विभाग की पेंशन सम्बन्धित और क्रिड विभाग के साथ-साथ बिजली विभाग की समस्या का मौके पर समाधान करने के लिए सम्बन्धित विभाग के अधिकारी को आदेश दिए है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर सुबह 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। इन शिविरों में नागरिकों की समस्याओं को सुनते हुए समाधान किया जा रहा है। नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के लिए सरकार द्वारा समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी विवेक आर्य, डीडीए डा. कर्मचंद, डीआरओ चेतना चौधरी, डीडीपीओ विकास कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी बनवाए किसान : डीसी

**थानेसर।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एग्री स्टैक योजना के तहत किसानों की एक यूनिक फार्मर आईडी बनाई जा रही है। इस यूनिक फार्मर आईडी से सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इस प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा खंड कृषि विकास अधिकारी कार्यालय तथा संबधित तहसील में भी पंजीकरण करवा सकते हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार ने कहा कि एग्री स्टैक एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य खेती-किसानी से जुड़ी जानकारी को एक मंच पर लाना है। जिस तरह हर नागरिक की पहचान आधार कार्ड से होती है, उसी तरह यूनिक फार्मर आईडी किसानों की स्टीक और पारदर्शी डिजिटल पहचान बनेगी। उपायुक्त ने कहा कि यह पंजीकरण प्रक्रिया पूरी तरह सुरक्षित और आधुनिक है। किसानों का पंजीकरण आधार कार्ड पर आधारित प्रमाणीकरण प्रक्रिया के जरिए किया जाता है।

## पुत्रदा एकादशी व्रत आज, बन रहा है विशेष संयोग : कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

पुत्रदा एकादशी साल में दो बार आती है। एक पौष माह की शुक्ल पक्ष में और दूसरी सावन माह के शुक्ल पक्ष में। इस साल पौष माह की पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर को रखा जाएगा। इस वर्ष पौष शुक्ल एकादशी तिथि का क्षय है अत पुत्रदा एकादशी का वर्त दशमीविदा एकादशी में ही करना निर्णयसिन्धु शास्त्र अनुसार है।



रामराज कौशिक।

इस व्रत में जगत के पालनहार श्रीहरि विष्णु की पूजा आराधना की जाती है। मान्यता है कि पौष पुत्रदा एकादशी व्रत करने से वाजपेय यज्ञ के बराबर पुण्यफल की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्या रामराज कौशिक ने बताया कि 30 दिसंबर को पुत्रदा एकादशी व्रत है। इस दिन भरणी नक्षत्र और सिद्ध योग का विशेष संयोग बना रहेगा। संतान सुख की कामना के लिए पौष पुत्रदा एकादशी का व्रत बहुत खास माना जा रहा है। ऐसे में जो लोग निःसंतान हैं, उनको यह व्रत जरूर रखना चाहिए। इस दिन व्रत रखने और पूजा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होती।

### व्रत रखने से संतान की बाधा होगी दूर

पौष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर संतान के सुखद भविष्य और स्वस्थ जीवन के लिए व्रत किया जाता है। पति-पत्नी एक साथ ये व्रत करते हैं तो उनकी संतान से जुड़ी मनोकामनाएं पूरी हो सकती हैं। संतान के कार्यों में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं। माता-पिता ये व्रत संतान की सुखी की कामना से करते हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर के साथ ही पांडवों को भी एकदाशी व्रत के बारे में बताया है।

### पौष पुत्रदा एकादशी तिथि

रामराज कौशिक ने बताया कि पुत्रदा एकादशी 30 दिसंबर को सुबह में 6:38 मिनट पर एकादशी तिथि का आरंभ होगा। अगले दिन 31 दिसंबर को 4:48 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। ऐसे में उदय काल के अनुसार, पुत्रदा एकादशी का व्रत 30 दिसंबर को रखा जाएगा। शास्त्रों के अनुसार, उदयकाल में एकादशी तिथि होने पर ही एकादशी का व्रत करना सर्वोत्तम माना जाता है।और अगर एकादशी तिथि घट रही हो अर्थात उसका क्षय हो रहा हो तो दशमी तिथि के साथ वाली एकादशी व्रत रखना श्रेष्ठ होता है। क्योंकि अगर आप 31 दिसंबर को वेट रखते है तो त्रोदशी तिथि में व्रत का पारण होगा जो शास्त्र सम्मत नहीं है।

*'पुराना खो जाएगा नए के आगोश में' कार्यक्रम का आयोजन*

## संगीत और नूतन आशाओं के साथ किया नव वर्ष का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र की कला एवं संस्कृति को समर्पित अग्रणी संस्था कला सृष्टि मंच द्वारा नव वर्ष के आगमन के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम पुराना खो जाएगा नए के आगोश में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नगर के सांस्कृतिक कैलेंडर में एक अविस्मरणीय अध्याय बनकर उभरा है। नगर के रेलवे रोड स्थित एक होटल के भव्य सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम ने कला, भावनाओं और रचनात्मकता के अद्भुत संगम के माध्यम से उपस्थित जनसमूह को नए वर्ष के स्वागत के लिए उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इस भव्य आयोजन का निर्देशन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार बृज किशोर शर्मा ने किया।



कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम के अवसर पर मौजूद विद्वान एवं कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा सभागार

प्रस्तुत गीत, संगीत एवं नृत्य की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावनाओं की गहराइयों तक स्पर्श किया। कार्यक्रम की हर प्रस्तुति में बीते वर्ष की स्मृतियों, अनुभवों और सीख को सहेजते हुए नए वर्ष के प्रति आशा, विश्वास और नव संकल्प का सशक्त संदेश निहित रहा। कलाकारों की भावपूर्ण अभिव्यक्ति और मंच पर जीवंत प्रस्तुति ने सभागार को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया। इस गरिमामयी आयोजन को सफल बनाने में संस्था के संरक्षक डा. जय भगवान सिंगला का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा। वहीं समाजसेवी सौरभ चौधरी के सक्रिय सहयोग ने कार्यक्रम को व्यापक पहचान और प्रभाव प्रदान किया।

### 100 लड़कियों को मिलेगा हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री का प्रशिक्षण


**कुरुक्षेत्र।** सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा वीएलसीसी के माध्यम से 100 लड़कियों को हेयर एंड ब्यूटी आर्टिस्ट्री का सर्टिफिकेट कोर्स करवाया जाएगा, जिसमें स्किन, हेयर और मेकअप का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों को व्यावसायिक कौशल से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। दो महीने की अवधि के इस कोर्स में रविवार सहित प्रतिदिन दो घंटे की नियमित कक्षाओं के तीन बैच संचालित किए जाएंगे। यह प्रशिक्षण अनुभवी और प्रोफेशनल ट्रेनर्स द्वारा दिया जाएगा। यह संपूर्ण प्रशिक्षण कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में आयोजित किया जाएगा, जहां आधुनिक सुविधाओं के साथ स्किन, हेयर और मेकअप से संबंधित व्यावहारिक एवं तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## श्रीरामनाथ सायल टेस्टिंग लैब खेती में नई दिशा देने में कारगर : करण

### आधुनिक सायल टेस्टिंग लैब से की जा रही मिट्टी की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

मृदा जांच प्रयोगशाला किसानों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। खेतों की मिट्टी की जांच कर किसान अब वैज्ञानिक तरीके से खेती कर रहे हैं, जिससे न केवल फसल की गुणवत्ता बेहतर हो रही है बल्कि उत्पादन लागत में भी कमी आ रही है। उपरोक्त जानकारी जैविक खाद बनाने ने अग्रणी शाहाबाद खंड के गांव ढगाली स्थित सीकरी फार्म प्रबंधक करण सीकरी ने कहे। उन्होंने बताया कि किसानों की मिट्टी की जांच के लिए आधुनिक सायल टेस्टिंग लैब से की जा रही है। जिसका लाभ क्षेत्र ही नहीं अपितु अन्य राज्यों के किसान भी करवा रहे है। उन्होंने बताया कि मृदा जांच लैब के माध्यम से किसानों को उनकी जमीन में कौन-कौन से पोषक तत्वों की कमी है और किस मात्रा में खाद व उर्वरक डालना उचित रहेगा उसकी जानकारी मिल रही जिसके बाद किसानों को अनावश्यक खाद का प्रयोग करने की जरूरत नहीं है और मिट्टी की उर्वरता लंबे समय तक बनने में कारगर साबित हो रही है। करण सीकरी ने बताया कि मृदा जांच रिपोर्ट के आधार पर किसान फसल चयन भी बेहतर ढंग से कर पा रहे हैं। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ-साथ आय में भी इजाफा हो रहा है। कई किसान अब पारंपरिक तरीके छोड़कर वैज्ञानिक पद्धति अपना रहे हैं। किसानों को नियमित रूप से जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराई जा रही है और यदि किसान समय-समय पर मिट्टी की जांच कराएं।



कुरुक्षेत्र। श्रीरामनाथ सायल टेस्टिंग लैब में मृदा की जांच करते हुए मृदा जांच तकनीशियन। फोटो : हरिभूमि



### डॉ. नरेश भारद्वाज का भारत सरकार की राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति में चयन

**कुरुक्षेत्र।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा डॉ. नरेश भारद्वाज का हरियाणा राज्य में विकासात्मक परियोजनाओं को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान करने हेतु गठित हरियाणा राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के सदस्य के रूप में चयन किया गया है। भारत सरकार द्वारा भारत के राजपत्र में 24 दिसम्बर 2025 को इसकी अधिसूचना प्रकाशित की गई है। वे पंजाब की राज्य विशेषज्ञ मूल्यांकन समिति के पहले से ही सदस्य हैं। डॉ. नरेश भारद्वाज पिछले 20 वर्षों से अधिक समय से पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं तथा ग्रीन अर्थ एनजीओ के संस्थापक हैं। उनका पैतृक गांव बुगाना हिसार जिले में है तथा वर्ष 2001 से कुरुक्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया हुआ है। उन्होंने अपनी शिक्षा पर्यावरण विषय में गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार, दक्षिण कोरिया तथा जापान से पूर्ण की है। इस उपलब्धि पर ग्रीन अर्थ एनजीओ के सचिव डॉ. अशोक चौहान, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. मोनिका भारद्वाज, एडवोकेट सुशील कुमार, प्रेम बेनीवाल एवं ग्रीन अर्थ एनजीओ के समस्त कार्यकारी सदस्यों ने उन्हें इस महत्वपूर्ण दायित्व के लिए हार्दिक बधाई दी।

**कार्यक्रम** नवयुग स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव उड़ान

# विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोहन नगर कुरुक्षेत्र में वार्षिकोत्सव (उड़ान)-2025 बहुत धूमधाम से मनाया गया जिसमें डॉ रामपाल सैनी वाईस चांसलर, चौ.रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी, जींद मुख्य अतिथि रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने विद्यालय प्रांगण में कक्षा नवम से द्वादश के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई आर्ट एंड क्राफ्ट, गणित, विज्ञान तथा आई टी विषयों की प्रदर्शनी तथा रंगोली का अवलोकन किया। वर्ष भर विद्यार्थियों के द्वारा बनाई हुई विभिन्न कलाकृतियों /मॉडल को सभी ने बहुत सराहा। कक्षा सप्तम से दशम के विद्यार्थियों ने विद्यालय कार्निवल में खाने-पीने, साज सज्जा,और गेम्स के स्टॉल्स लगाए जिसे सभी अतिथियों ने खूब सराहा विद्यालय के प्री नर्सरी से षष्ठम कक्षा तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा, अध्यापकों तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का आरम्भ माँ सरस्वती के समुख दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात गणेश वन्दना की प्रस्तुति कक्षा षष्ठम की छात्राओं द्वारा दी गई। प्री नर्सरी के नन्हे कलाकारों ने फंकी बीट्स नर्सरी के विद्यार्थियों ने शाइनी स्टार्स, एल के.जी. कक्षा के नन्हे मुन्नों की प्रस्तुति वेलकम डांस, ड्रीम लाइफ, यूकेजी के विद्यार्थियों ने हेल्दीअल्फाबेट्स, वंडर्स ऑफ लाइफ जैसी प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कक्षा षष्ठम के बच्चों ने दंगल और योग कर अपना शक्ति प्रदर्शन किया। अंतिम प्रस्तुति हरियाणवी नृत्यकी रही जिसने सभी को आनंदित किया। मुख्य अतिथि को डायरेक्टर बी.डी. गाबा, प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, प्रबंधक कमेटी के सदस्य संतोष, विकास गाबा, साक्षी, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा व कॉर्डिनेटर रितु चौधरी एवं अन्य स्टाफ के सदस्यों ने मुख्य अतिथि को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट किया।




कुरुक्षेत्र। सांस्कृतिक प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### परीक्षाओं के लिए तनाव रहित हो कर पूरी लगन व मेहनत से तैयारी करे विद्यार्थी

मुख्य अतिथि डॉ रामपाल सैनी ने कहा जैसा कि विद्यालय वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति के पथ पर अग्रसर है उसी प्रकार अन्य गतिविधियों में भी विद्यालय के विद्यार्थियों का कोई मुकाबला नही। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ साथ अध्यापकों की भी बहुत सराहना की। डॉ राम पाल सैनी ने कहा कि माता -पिता विद्यार्थी की रूचि के अनुसार ही करियर का चयन करें तथा अपनी व्यस्त दिनचर्या में से बच्चों के लिए हर अवस्था में समय निकाल कर उनसे बातचीत करें। उन्होंने छात्रों को समझाते हुए कहा कि वे परीक्षाओं के लिए तनाव रहित हो कर पूरी लगन व मेहनत से तैयारी करे। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा बोर्ड कक्षाओं में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा दसवीं से एंजल, दीपांशी, ईशा, भानु, सना, तान्या, गीतू, बरनप्रीत, शिवम, वंशिका एवं बारहवीं में एलिस, प्राची पाहुजा, श्रेया कंबोज, खुशी कालड़ा, सानवी, लोकेशा, गरिमा, हर्षदीप, प्रिंस, आदित्य जिंदल सहित 49 विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया। को ऑर्डिनेटर रितु चौधरी ने विद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों की जानकारी दी। मंच संचालन कर रहीं मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा ने भी कार्यक्रम के अंत तक दर्शकों को मंच से जोड़े रखा। इस अवसर पर नवयुग शिक्षा समिति की कार्यकारिणी के सदस्य ओजी शर्मा, राकेश गेरा, प्रवीण वधवा, राजेंद्र छाबड़ा, डॉ जितेंद्र जांगड़ा, रमा गौतम, शिव कुमार आर्य, रमेश बजाज, डॉ ममता सूद, डॉ आरएस घुम्मण, सतीश मदान, नरेन्द्र जांगड़ा, प्रमोद शर्मा, विनोद गर्ग, रमेश बजाज, राजेन्द्र छाबड़ा, महिपाल आर्य, गौरव दत्त शर्मा, कमलदीप लोचब मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### नगराधीश ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** नगराधीश अभिषेक गर्ग ने सोमवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता की और समाधान शिविर में पहुंचे लोगों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को उन पर तत्काल कार्रवाई कर समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश ने कहा कि समाधान शिविर आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण पहल है। इसी कड़ी में उपायुक्त अजय सिंह तोमर के मार्गदर्शन में जिला स्तर व उपमंडल स्तर पर निरंतर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें हैं।

### प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

**अंबाला।** सहायक कृषि अभियंता सुभाष चंद्र ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2025-26 के दौरान एसबी-89 स्कीम के अंतर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों के लिए ट्रैक्टर पर 3 लाख का अनुदान दिया जाएगा। इसके अंतर्गत पात्र किसानों को 45 हार्स पॉवर व उससे अधिक क्षमता के ट्रैक्टर की खरीद पर तीन लाख रूपये तक का अनुदान प्रदान किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### बनाई जाएगी किसान आईडीः जसविन्द्र सैनी

**अंबाला।** उप निदेशक कृषि एवं किसान कल्याण विभाग डॉ. जसविन्द्र सिंह सैनी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देशानुसार राज्य में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसान आईडी बनाई जा रही है जिससे कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की सभी स्कीमों का लाभ एक ही आईडी से मिलेगा। किसानों को एग्री स्टैक योजना के तहत यूनिक आईडी दी जाएगी। इस यूनिक आईडी से किसान क्लिक से जमीन के ब्यौरे को देख पाएंगे।

### चिह्नति अपराधों की समीक्षा की

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सोमवार को अपने कार्यालय में चिह्नित अपराध के अंतर्गत दर्ज मामलों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा, जिला न्यायवादी जंग सिंह बहादुर उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने चिह्नित अपराधों को लेकर संबंधित अधिकारियों से सभी मामलों की बिंदुवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जिला न्यायवादी से मामलों की वर्तमान स्थिति, विभिन्न स्तरों पर लंबित मामलों तथा अब तक हुई दोष सिद्धियों के मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स होगा लांच

**अंबाला।** अग्रणी टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल ने "एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स" के लांच करने की घोषणा की है। एक्सक्लूसिव वैल्यू-ऐडेड सर्विस है, जिसे एयरटेल डिजिटल टीवी पर वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से पेश किया गया है। यह नया चैनल कार्टून नेटवर्क की कुछ सबसे प्रतिष्ठित और लोकप्रिय एनिमेटेड किरदारों को (फ्रेंचाइज़ को) एक मंच पर ला रहा है, जिससे सदाबहार कहानियों व पारिवारिक मनोरंजन के लिए एक खास प्लेटफॉर्म तैयार हुआ है। एयरटेल कार्टून नेटवर्क क्लासिक्स दर्शकों को टॉम एंड जेरी, द फ्लिंटस्टोंस, लूनी ट्यूंस, स्कूबी डू, जॉनी ब्रावो सहित कई अन्य क्लासिक कार्टून की यादों को ताजा करेगा।

### बिजनेस मॉडल व एजेंट नेटवर्क चोरी का आरोप

**अंबाला।** सेक्टर नौ व 10 स्थित एक प्रतिष्ठित कंपनी के साथ करोड़ों की धोखाधड़ी और विश्वासघात का मामला सामने आया है। कंपनी के मालिक ने अपने ही निदेशक और उसके सहयोगियों पर बिजनेस मॉडल चोरी , फर्जी दस्तावेज तैयार करने व कंपनी की संपत्ति हड़पने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आर्थिक अपराध शाखा की लंबी जांच के बाद अरुणाचल प्रदेश के पाइलो मीहू, उसकी पत्नी ममता और बहन नुप्पी लिंगी समेत अन्य के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## नपा अफसरों के साथ कर्मचारियों के खिलाफ किया जाएगा प्रदर्शन

# नगरपालिका चेयरमैन अपनी सरकार के अफसरों से परेशान, आंदोलन का ऐलान

**कार्यालय पर लगाएंगे ताला, सभी सदस्यों से मांगा सहयोग**

रहमदीन ⏭ बराड़ा



बराड़ा। नगरपालिका कार्यालय का बाहरी फोटो। फोटो: हरिभूमि

नगरपालिका के अफसरों की कार्यशैली को लेकर असंतोष अब खुलकर सामने आ गया है। नगरपालिका के चेयरमैन रजत मलिक ने अपने ही कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों पर जनता के कार्यों में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ आंदोलन करने का ऐलान कर दिया है। चेयरमैन के इस फैसले के बाद नगर के प्रशासनिक व राजनैतिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। बता दें कि कुछ समय से लोगों में नगर पालिका की कार्यशैली को लेकर भारी नाराजगी देखी जा रही थी। लोगों का कहना है कि नगर पालिका कार्यालय में आमजन के जरूरी काम समय पर नहीं हो पा रहे, जिससे उन्हें बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सफाई व्यवस्था, सड़क मरम्मत, नालियों की सफाई और स्ट्रीट लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मामले लंबे समय से लंबित पड़े हैं। लोगों का आरोप है कि वे जब भी अपनी समस्याओं को लेकर नगर पालिका कार्यालय पहुंचते हैं, तो उन्हें केवल आश्वासन देकर वापस भेज दिया जाता है। फाइलें आगे नहीं बढ़ रहीं। अधिकारी व कर्मचारी गंभीरता से कार्य नहीं कर रहे। इस स्थिति के कारण लोगों का समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज से आने वाले नागरिकों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### कार्यालय पर जड़ेंगे ताला

तमाम मुद्दों को लेकर नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने सभी सदस्यों और नगरवासियों से एकजुट होकर इस आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने पत्र जारी कर सभी सदस्यों को कहा है कि वे 30 दिसंबर मंगलवार को सुबह 11 बजे नगर पालिका कार्यालय बराड़ा में ताला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए सभी सदस्य अपने-अपने वार्ड से 50-50 समर्थकों और नागरिकों के साथ नगर पालिका कार्यालय पहुंचें। मलिक ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के खिलाफ नहीं है बल्कि प्रशासनिक निष्क्रियता और लापरवाह कार्यसंस्कृति के विरोध में है। आंदोलन का उद्देश्य नगर पालिका कार्यालय में सुधार लाना और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराना है।

इस संबंध में चेयरमेन रजत मलिक द्वारा जारी पत्र सभी सदस्यों के अलावा प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव, निदेशक शहरी स्थानीय निकाय पंचकूला, उपायुक्त , जिला नगर आयुक्त तथा उपमंडल अधिकारी को भी भेजा गया है, ताकि उच्च स्तर पर भी मामले का संज्ञान लिया जा सके।

### कार्यालय की कार्यशैली से खफा

पहले जहां कस्बे के लोग नगर पालिका अधिकारियों के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। वहीं अब खुद नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक ने खुद भाजपा सरकार में होने के बावजूद भी अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है कि पिछले दो महीनों से नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी शहर के विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन बने हुए हैं। बार-बार आग्रह और निर्देश देने के बावजूद न तो नए विकास कार्यों के टेंडर जारी किए जा रहे हैं और न ही स्वीकृत जनहित के कार्यों को गंभीरता से पूरा किया जा रहा है। नगर के विकास से जुड़े कार्यों में हो रही देरी का सीधा असर शहर की प्रगति पर पड़ रहा है। इसके साथ ही सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। यदि समय रहते स्थिति में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में शहर का विकास पूरी तरह ठप हो सकता है।

### लापरवाही सहन नहीं

यह प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासन की विफलता है। यदि नगर पालिका के चेयरमैन को अपने ही अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ आंदोलन करना पड़ रहा है तो यह व्यवस्था के पूरी तरह चरमरा जाने का जीता जागता प्रमाण है।भाजपा सरकार में शहरी निकाय पूरी तरह पंगु हो चुके हैं। अधिकारियों की किसी प्रकार की जवाबदेही नहीं है। आम जनता को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। जनहित से जुड़े मुद्दों पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।
-**वरुण चौधरी**, सांसद, अंबाला।


शहजादपुर। हवन यज्ञ में आहुतियां डालते ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

## 28 दिसंबर 2001 को शहीद हो गए थे

# शहीद कैप्टन मामचंद ग्रामीण युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

- ग्रामीणें ने कैप्टन को दी श्रद्धांजलि, विस्फोट के दौरान शहीद हो गए थे कैप्टन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शहजादपुर


सौंतली के शहीद कैप्टन मामचंद की 24वीं पुण्यतिथि पर गांव में एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें याद किया गया। गांव में स्थापित शहीद की प्रतिमा पर गांव के लोगों व परिजनों तथा अन्य गणमान्य लोगों ने माल्यार्पण कर व हवन यज्ञ कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ग्रामीणों ने कैप्टन मामचंद को श्रद्धाजंलि देते कहा कि उन्होंने देश की सीमाओं की रक्षा करते शहादत पाकर गांव व प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। ग्रामीणों ने कहा कि कैप्टन मामचंद गांव के युवाओं के लिए एक प्रेरणा के स्रोत है। गौरतलब है कि 28 दिसंबर 2001 को लोंगोंवाल बॉर्डर पर देश की सीमाओं की रक्षा करते कैप्टन मामचंद अचानक हुए एक विस्फोट के कारण अपने अन्य साथियों के साथ शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को याद रखने व आने वाली पीढीयों को शहीद के जीवन से प्रेरणा लेने के उदेश्य से परिजनों ने गांव में उनकी प्रतिमा स्थापित की हुई है। जिस पर प्रतिवर्ष उनके शहीदी दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें याद किया जाता है।

मामचंद में देश सेवा का जज्बा व सेना में भर्ती होने की ललक बाल्यकाल से ही थी। अपने इसी जज्बे को पूरा करने के लिए वे सेना में भर्ती हुए। कैप्टन मामचंद की धर्मपत्नी पुष्पा देवी उनके तीन पुत्र संजीव कुमार, देवेंद्र ,रविंद्र व एक पुत्री सोनिया है जोकि अपने पिता के पदचिन्ह्नों पर चलते हुए समाज सेवा के कार्यों में सदैव तत्पर रहते है। इस दौरान जसविंदर, धर्मपाल, अशोक, ओमप्रकाश, ऋषिपाल,मोहन सहित अन्य मौजूद थे।

## शूटिंग चैंपियनशिप में 17 खिलाड़ी साध रहे निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

एआर शूटिंग अकादमी के 17 खिलाड़ी दिल्ली में आयोजित हो रही 68वीं राष्ट्रीय राइफल व पिस्टल शूटिंग चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी । अकादमी कोच प्रिंस राणा ने बताया कि एकेडमी के खिलाड़ी इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सब यूथ, यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए कड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास किया है, जिससे अकादमी में उत्साह का माहौल है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 4 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी।


मुलाना। प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहे एकेडमी खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर

*उन्होंने बताया कि सभी खिलाडियों ने अच्छे अंक अर्जित कर राष्ट्रीय स्तर के लिए क्वालीफाई किया है। प्रिंस ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय चैंपियनशिप खिलाड़ियों के करियर के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने उम्मीद जताई कि एकेडमी के खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र व एकेडमी का नाम रोशन करेंगे।*

## आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएं

- नन्यौला में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

राजकीय मॉडल संस्कृति वमावि, नन्यौला में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। अवसर पर एसए जैन (पीजी) कॉलेज से एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुनील काजल ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। प्रधानाचार्य और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी जसविंदर सिंह ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि औपचारिक अभिनंदन करते स्मृति चिह्न भेंट किए। डॉ. सुनील काजल ने 'करियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन' विषय पर अत्यंत प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान दिया। काजल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका निभा सकते हैं। एनएसएस राष्ट्र सेवा का ऐसा माध्यम है जिससे विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्होंने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, आत्मविश्वास, परिश्रम एवं सकारात्मक सोच के महत्व को सरल शब्दों में समझाया। एनएसएस व इसके ध्येय वाक्य 'स्वयं से पहले आप' का संक्षिप्त परिचय देते उन्होंने महात्मा बुद्ध और अल्बर्ट आइंस्टाइन के जीवन से जुड़े उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि कठिन परिस्थितियों में भी सही दिशा, धैर्य और निरंतर प्रयास से सफलता प्राप्त की जा सकती है। अत्यंत धैर्य के साथ स्वयंसेवकों ने उनका यह व्याख्यान सुना। इसके पश्चात डॉ. सुनील के सहयोगी डॉ. बलवान सिंह औजला ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय कैडेट कोर के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान की।


अंबाला। मुख्य वक्ता को सम्मानित करते हुए प्रिंसिपल। फोटो: हरिभूमि

### आभार जताया

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने अतिथियों से प्रश्न पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर देकर उनका मार्गदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं भविष्य निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। विद्यालय परिवार की ओर से सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह प्रदान कर हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया।

## जीवन का कोई भी पक्ष गणित के बिना अधूरा

- नुक्कड़ नाटक के जरिए छात्रों ने दिया प्रभावी संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

डीएवी पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह, रचनात्मकता एवं बौद्धिक गरिमा के साथ किया। यद्यपि राष्ट्रीय गणित दिवस प्रतिवर्ष 22 को मनाया जाता है, किंतु विद्यार्थियों की परीक्षाओं के दृष्टिगत ये आयोजन 29 दिसंबर को संपन्न हुआ। इस अवसर पर कक्षा नवम के विद्यार्थियों ने प्रार्थना सभा में एक अत्यंत रोचक, विचारोत्तेजक एवं संदेशप्रधान नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस प्रभावशाली नाटिका को विद्यालय के गणित शिक्षकों कुमारी नीरू मैम एवं श्री सिद्धांत सर ने अपने सृजनात्मक मार्गदर्शन में तैयार करवाया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यह प्रभावी संदेश दिया गया कि जीवन का कोई भी पक्ष गणित के बिना अधूरा है। प्रातः जागरण से लेकर रात्रि विश्राम तक, प्रत्येक छोटे-बड़े कार्य में अंकों की अनिवार्य भूमिका होती है। प्रस्तुति में यह भी दर्शाया गया कि गणित से भयभीत होने के स्थान पर यदि विद्यार्थी अंकों के भीतर छिपे पैटर्न, तर्क और सौंदर्य को अनुभव करने लगें, तो गणित उनके लिए एक कठिन विषय नहीं बल्कि आनंददायक खेल बन सकता है।


अंबाला। गणित दिवस पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले छात्रों के साथ शिक्षक।

### सहजता से करें प्रयोग

इसी क्रम में विद्यालय की गणित शिक्षिका श्रीमती भारती ने विद्यार्थियों को महान गणितज्ञ श्री निवास रामानुजन के जीवन से जुड़ी अंक संख्या 1729 की प्रसिद्ध एवं प्रेरणादायक कहानी का उल्लेख किया। इस कथा के माध्यम से रामानुजन की अद्भुत गणितीय प्रतिभा, उनकी सूक्ष्म दृष्टि और अंकों के प्रति गहरे लगाव को सरल शब्दों में विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे सभी ने अत्यंत रुचि से सुना। इस संपूर्ण प्रस्तुति के माध्यम से गणित विभाग ने यह सार्थक प्रयास किया कि विद्यार्थी गणित को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखकर उसे जीवनोपयोगी कौशल के रूप में अपनाएं और दैनिक जीवन में सहजता से प्रयोग करें। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने इस उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए संपूर्ण गणित विभाग को हार्दिक बधाई दी।

## फुटबॉल को मिलेगी नई उंचाई

- तीसरे स्थान पर रही टीम को 11 हजार का नकद ईनाम दिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

जिला फुटबॉल संघ की मीटिंग वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम में प्रधान बीएस बिंद्रा और सभी सदस्यों की अगुवाई में हुई। इसमें अंबाला की फुटबॉल को और किस तरह ऊंचाइयों पर ले कर जाया जाए इस पर चर्चा हुई। साथ ही जिला फुटबॉल संघ के द्वारा जो बच्चे अंडर 20 में हरियाणा स्टेट जोनल फुटबॉल लीग यमुनानगर में तीसरे स्थान पर रही अंबाला की टीम को जिला फुटबॉल संघ ने अपनी तरफ से 11000/- रुपये की राशि दी। उसके बाद सभी ने अपने विचार रखे और यह फैसला लिया गया कि बहुत जल्द जनवरी के मिड में सीनियर क्लब चैंपियनशिप या लीग करवाई जाएगी जिसमें सिर्फ वो प्लेयर्स ही खेल सकते हैं जोकि जिले के वासी होंगे। चाहे वे किसी भी स्कूल या कॉलेज में पढ़ रहे हों । स्कूल या कॉलेज में पढ़ने वाले के लिए उनके स्कूल /कॉलेज का आई कार्ड हो व जॉब करने वाला हो तो उसे आई कार्ड लेकर आने पर ही खेलने की अनुमति मिलेगी। इसी तरह एक सिलेक्शन कमेटी बनाई गई 6 मेंबर्स की जो लड़कों की हर ऐज ग्रुप की सिलेक्शन करा करेंगी।


अंबाला। तीसरे स्थान पर रही फुटबाल की टीम ट्रॉफी के साथ।

### ये रहे मौजूद

इस मीटिंग में सभी मेंबर्स मौजूद थे। डीएफए के उपप्रधान बलित नागपाल , रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर अरुणकांत, इंद्रजीत वालिया ,रिटायर्ड फूड इंस्पेक्टर , योगराज , संजय विज कोच , नरेंद्र कुमार , शेर सिंह ,संजीव डियोपा ,जंग बहादुर कोच , सतीश कुमार , पूर्व निगम सदस्य हरीश कुमार, गगन फुटबॉल कोच , प्रदीप कुमार कोच , सुनील बत्रा, , मंजू कोच , राजीव शर्मा प्रिंसिपल गवर्नमेंट स्कूल, राजीव , संजय (चाचा), जगदीप कोच तथा सभी रजिस्टर्ड क्लब के सचिव ओर मेंबर्स मौजूद रहे।

## गुदगुदी जंक्शन समूह ने किया म्यूजिकल कार्यक्रम का आयोजन

**"इक हसीन शाम" में गायकों ने सुनाए मोहम्मद रफी द्वारा अभिनेता धर्मेंद्र अभिनीत नगमें**

# गाता रहे मेरा दिल....हुआ तीन बरस का, केक काटकर किया सेलिब्रेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा अंबाला क्लब में म्यूजिकल कार्यक्रम /"इक हसीन शाम/" आयोजित किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि म्यूजिकल ग्रुप /"गाता रहे मेरा दिल/" के तीसरे स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में 19 गायकों ने शहंशाह-ए-तरन्नुम मोहम्मद रफ़ी द्वारा अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र के लिए गाए गए एक से बढ़कर एक गीत सुनाकर समां बांधा। कार्यक्रम की मेजबानी सलाहकार एवं परियोजना अधिकारी सुरेंद्र धीमान और मार्गदर्शक मंडल सदस्य डॉ.संजय गौतम ने की जिसमें कई शहरों से बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल हुए। संस्थापक अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ कला मंच अंबाला के प्रधान सुरेंद्र सहगल ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित करके किया। करनाल से ब्राह्मण महासभा हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष पंडित जिले सिंह पिचोलिया व कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बॉलीवुड कलाकार जूनियर धर्मेंद्र(सागर शर्मा) रहे।


अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद गायक। फोटो: हरिभूमि

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

सागर ने सदाबहार अभिनेता स्वर्गीय धर्मेंद्र के कई मशहूर डायलॉग भी सुनाए जिनमें कूद जाउंगा,फांद जाउंगा अंबाला वालों...काफी सराहा गया। मंच का संचालन कुरूक्षेत्र के वरिष्ठ पदाधिकारी बलजीत चावला ने किया। मुख्यातिथि सुरेंद्र सहगल ने गुदगुदी समूह की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन संघर्षशील,संगीतप्रेमी और उभरते हुए गायकों एवं कलाकारों को एक मंच प्रदान करता है साथ ही पब्लिक का मनोरंजन करते हुए उन्हें गीत संगीत से जोड़ता है। कार्यकारिणी संरक्षक राजेंद्र कौशिक, देवीराम शर्मा,जिला महिला भाजपा प्रधान बीनू गर्ग,असीम अग्रवाल,बलजीत सिंह,डॉ.इंद्र शर्मा,डॉ. एसपी त्रिपाठी,हरिंदर कुमार शर्मा,डॉ.सौरभ,डॉ.सुरेंद्र वत्स,संदीप सिंह चोपड़ा और हरीश कुमार दीवान सहित बड़ी संख्या में संगीतप्रेमी शामिल रहे।

## आरपीएस में क्लेट व एलेट टॉपर्स के लिए भव्य सम्मान समारोह आयोजित



**महेंद्रगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी पहचान रखने वाले आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में सोमवार को 'शिखर' सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर की विधि प्रवेश परीक्षाओं क्लेट एवं एलेट 2026 में ऐतिहासिक सफलता दर्ज करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया । समारोह में राजस्थान न्यायिक सेवा की अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश आंचल अग्रवाल मुख्यातिथि थे, वहीं अध्यक्षता आरपीएस ग्रुप सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व डिप्टी सीईओ कुनाल ने भी बधाई देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यातिथि जिला एन्ड सेशन जज आंचल अग्रवाल ने कहा कि न्यायपालिका केवल एक करियर नहीं, बल्कि समाज की सेवा और संविधान की रक्षा करने का एक सशक्त माध्यम है। आज आरपीएस के इन बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर जो सफलता प्राप्त की है, वह उनकी कड़ी मेहनत और शिक्षकों के सही मार्गदर्शन का परिणाम है। भविष्य के वकीलों और जजों को ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि आरपीएस ग्रुप ने एकबार फिर साबित कर दिया है कि यहां की शिक्षा पद्धति राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ है। बताया कि इस वर्ष विद्यालय के 101 से अधिक विद्यार्थियों ने क्लेट क्वालीफाई किया है।